हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

8 मेचका में 40 फीट महाकाल की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा...



9 एपस्टिन फाइल से उठा सियासी तूफान





# अनूठी परंपरा : सेमरा में जली होली, आज मनाया जाएगा जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

अलग खबर

जहां पूरा देश अभी होली की तैयारियों में जुटा है, वहीं छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले का एक छोटा सा गांव सेमरा (सी) समय की परिधि को लांघकर उत्सव के रंग में डूब गया है। गांव की अनोखी परंपरा के अनुसार यहां कल (मंगलवार) रात ही विधि-विधान से होलिका दहन संपन्न कर लिया गया।

आज यानी बुधवार को पूरा गांव एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और फाग गीतों की धुन पर थिरक कर रंगोत्सव मना रहा है। सेमरा की यह रीत न केवल छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक पेश करती है, बल्कि यह भी बताती है कि कैसे पुरानी मान्यताएं आज भी समाज को एक सूत्र में पिरोए हुए हैं।

## समय से सात दिन पहले फागुन के रंग

### रहस्यमयी परंपरा और अटूट आस्था

सेमरा में होली का त्योहार मुख्य तिथि से ठीक एक सप्ताह पहले मनाने की यह परंपरा सदियों पुरानी है। ग्रामीणों के अनुसार उनके आराध्य सिरदार देव ने पूर्वजों को स्वप्न में आदेश दिया था कि गांव को प्राकृतिक आपदाओं, महामारियों और किसी भी अनहोनी से बचाने के लिए सभी त्योहार निर्धारित समय से सात दिन पूर्व मनाए जाएं। तब से लेकर आज तक,आधुनिक पीढ़ी भी इस अलिखित नियम का पूरी श्रद्धा से पालन कर रही है।



### भय और विश्वास का संगम

गांव के बुजुर्गों का कहना है कि पूर्व में कुछ लोगों ने मुख्य तिथि पर त्योहार मनाने का प्रयास किया था, लेकिन उसके बाद गांव में बीमारियां और अकाल जैसी स्थितियां उत्पन्न हो गई थीं। इसी अटूट आस्था के कारण, यहां मुख्य कैलेंडर से पहले ही होली जल जाती है। इस खास मौके पर गांव की विवाहित बेटियां विशेष रूप से अपने मायके आती हैं और पूरा क्षेत्र उत्सव के रंग में सराबोर रहता है।

---

कृषि विभाग बीज भंडारण में जुटा

# जायद फसल से तीसरी बार लहलहाएगी धमतरी की धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जायद फसल से अब धमतरी की धरा तीसरी बार लहलहाएगी। कृषि विभाग बीज भंडारण में जुटा हुआ है। अभी तक सीमित मात्रा में ही बीज उपलब्ध हो पाया है। अधिकारी ज्यादा से ज्यादा बीज जुगाड़ने में जुटे हुए हैं। उधर किसान भी रबी फसल की हार्वेस्टिंग जल्द से जल्द कर जायद फसल लेने की तैयारी कर रहे हैं।

फसल चक्र परिवर्तन की योजना कारगर साबित हो रही है। इस साल धमतरी जिले में बड़े रकबे में धान की जगह दलहन तिलहन की फसल लगी हुई है। रबी में कम समय की फसल लेने के कारण अब कई क्षेत्र में फसल कटाई की तैयारी चल रही है। जिन किसानों ने अक्टूबर, नवम्बर में चने की बोनी की थी, उनकी फसल भी कटने के लिए तैयार खड़ी है। होली त्योहार के बाद कटाई, मिंजाई कार्य में तेजी आएगी। उधर रबी के बाद किसानों को जायद फसल लेने के लिए कृषि विभाग प्रेरित कर रहा है। गांव-गांव संगोष्ठी कर कृषि विभाग ने जायद फसल लेने के आर्थिक और दूरगामी परिणाम के बारे में किसानों को बताया। बड़ी संख्या में किसान जायद फसल लेने के लिए तैयार हैं। कृषि विभाग ने जिले में करीब 3 हजार हेक्टेयर में जायद फसल लेने का प्लान बनाया है।



### इन फसलों पर फोकस

जायद फसल में ज्यादातर किसान उड़द और मूंग की खेती करते हैं। कृषि विभाग स्थिति परिस्थिति को देखकर इन फसलों की सलाह दे रहा है। किसान बंशीलाल साहू, खेमराज सिन्हा ने बताया कि तिलहन में सूरजमुखी, तिल जैसी कई प्रकार की फसलें ली जा सकती हैं। उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि जायद फसल मार्च माह में लगाई जाती है और जून माह में इसकी हार्वेस्टिंग की जाती है। 15 मार्च तक बोनी करने का आदर्श समय है।

### किसानों को होगा लाभ

जायद फसल से किसानों को आर्थिक रूप से लाभ तो होता ही है। इसके अतिरिक्त जमीन की सेहत में भी सुधार आता है। लगातार धान के बाद धान लेने से खेतों की सेहत खराब हो गई है। रबी में उन्हारी और जायद फसल से खेतों की स्थिति में सुधार आएगा। कृष उपसंचालक मोनेश साहू ने बताया कि कई फसल नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर जमीन की गुणवत्ता में सुधार लाती है। वहीं फसल अवशेष से जमीन में आर्गनिक मेटर बढ़ता है। जमीन खाली रहती है तो उसका सदुपयोग भी हो जाता है।

---

# आनलाइन सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

■ वेस्टइंडीज-जिम्बाम्बे क्रिकेट मैच पर लगवा रहा था दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टी-20 वर्ल्डकप क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज व जिम्बाम्बे की हार जीत पर दांव लगाकर आनलाइन सट्टा खिलवा रहे सटोरिया को रूद्री व साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कार सहित 17 लाख का सामान जब्त किया है।

रूद्री पुलिस को मुखबिर से ग्राम मरादेव गंगरेल स्थित ग्रीन रिसोर्ट के पास एक व्यक्ति द्वारा आनलाइन सट्टा संचालित करने की सूचना मिली। रूद्री व साइबर पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल दबिश दी। यहां युवक भविष्य गंगवानी को अपने मोबाइल फोन के माध्यम से यूजर आईडी बनाकर वेस्टइंडीज व जिम्बाम्बे टीम के मध्य चल रहे क्रिकेट मैच की हार जीत पर आनलाइन एप के माध्यम से रुपये पैसे का दांव लगवाते हुए सट्टा जुआ खिलाते रंगेहाथ पकड़ा गया। पुलिस ने रूद्री थाना में धारा 07 छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट प्रतिबंध अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी भविष्य गंगवानी पिता दीपक उम्र 29 वर्ष निवासी होटल नानक शाह सिहावा रोड जालमपुर वार्ड को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। भखारा पुलिस ने सोमवार को ग्राम सिहाद स्थित रेस्टहाउस के पास चल रहे जुआ फड़ में दबिश देकर 26 हजार नकदी सहित 5 जुआरी को गिरफ्तार किया था।





### 17 लाख का सामान जब्त

इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 नग आईफोन कीमत 1 लाख रुपए, 1 नग मोबाइल फोन कीमत 1 लाख रुपए, 1 एक्सयूवी कार क्रमांक सीजी 04 क्यूएम 4440 कीमत 15 लाख रुपए कुल 17 लाख रूपए का कार व मोबाइल जब्त किया है।

---

# कार की ठोकर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



नगरी रोड सियादेही की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नहरपुर बाजार जा रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने जोरदार ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक का पैर बुरी तरह से कुचल गया है।

मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पुरूर निवासी अनिल गिरि गोस्वामी उम्र 27 वर्ष ग्रामीण अंचल में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में दुकान लगाकर चश्मा बेचने का काम करता था। मंगलवार को नरहरपुर का साप्ताहिक बाजार था। युवक हमेशा की तरह अपनी मोटर साइकिल में सवार होकर चश्मा की दुकान लगाने नरहरपुर जाने के लिये निकला था। युवक बाइक से नगरी रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान सियादेही से पहले स्थित ढाबा के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 एनडब्ल्यू 1739 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका दाहिना पैर बुरी तरह कुचल गया। वहीं हाथ में भी गंभीर चोट आई है। सूचना पर कुकरेल लोकेशन की संजीवनी 108 तत्काल घटनास्थल पहुंच गई। वहीं वरदान संस्था के शिवा प्रधान व हर्ष यादव की एम्बुलेंस भी घायल की मदद करने मौके पर पहुंच गई थी। कार की ठोकर से गंभीर रूप से घायल युवक को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिफर कर दिया गया। घायल युवक का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं केरेगांव पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कार व चालक को कब्जे में लेकर थाना ले गई। आगे की कार्रवाई की गई। बताया गया कि कार चालक नशे में धुत था।

---

# सर्पमित्र ने 5 मिनट में 6 फीट के कोबरा को पकड़ा, जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ अमेठी रोड पर लोहे की दुकान में छिपा था जहरीला नाग

शहर में एक बार फिर सर्प मित्र की तत्परता और साहस से बड़ी दुर्घटना टल गई। अमेठी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक लोहे छड़ की दुकान के साइड में रखे लोहे के एंगल के नीचे करीब 6 फीट लंबा कोबरा नाग छिपा मिला। दुकानदार द्वारा सूचना मिलते ही सर्प मित्र सूर्यकांत साहू मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

सूर्यकांत साहू ने पूरी सावधानी के साथ लोहे के एंगल को हटाया और महज 5 मिनट के भीतर कोबरा नाग को सुरक्षित पकड़ लिया। मौके पर मौजूद लोगों में दहशत का माहौल था, लेकिन सर्प मित्र की कुशलता से किसी भी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई। रेस्क्यू के बाद नाग को सुरक्षित डिब्बे में रखा गया।

सूर्यकांत साहू ने बताया कि कोबरा अत्यंत जहरीला सांप होता है, जिसके डसने पर समय पर इलाज न मिले तो कुछ ही घंटों में मृत्यु हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह 6 फीट का कोबरा अंचल में पाए जाने वाले सबसे बड़े नागों में से एक है।



रेस्क्यू के बाद कोबरा नाग को प्राकृतिक आवास में सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में किसी को कोई चोट नहीं आई और क्षेत्र में राहत की सांस ली गई। स्थानीय लोगों ने सर्प मित्र सूर्यकांत साहू की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतर्कता और अनुभव से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। धमतरी में ऐसे रेस्क्यू कार्य आमजन के लिए जीवनरक्षक साबित हो रहे हैं।

---

# डूब प्रभावित करेंगे विधानसभा का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 25 फरवरी से पैदल मार्च की अनुमति मांगी

गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति ने धमतरी से नया रायपुर स्थित विधानसभा तक पैदल मार्च एवं घेराव की अनुमति कलेक्टर से मांगी है।

मंगलवार को समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर मरकाम सहित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गंगरेल बांध डूब प्रभावित परिवार अपनी दीर्घकालीन लंबित न्यायोचित मांगों तथा उच्च न्यायालय के आदेशों के पालन की मांग को लेकर 23 फरवरी से गांधी मैदान में शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। प्रभावित परिवारों की मांगों पर अपेक्षित ठोस कार्रवाई न होने के कारण आगामी विधानसभा सत्र के दौरान शासन का ध्यानाकृष्ट कराने धमतरी से नया रायपुर तक शांतिपूर्ण, अहिंसात्मक, लोकतांत्रिक रूप से पैदल मार्च तथा विधानसभा घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। 25 फरवरी को गांधी मैदान से पैदल मार्च प्रारंभ होगा। शुक्रवार को विधानसभा परिसर का घेराव किया जाएगा। तत्पश्चात डुबान प्रभावित वापस लौटेंगे। मांगों के निराकरण होने तक गांधी मैदान में धरना जारी रहेगा।

इस अवसर पर पंडोराम मंडावी, पुष्कर सोनी, घनश्याम मरकाम, रोहित कुमार ध्रुव, रामनिहोरा निषाद सहित समिति के अनेक लोग उपसथित थे।

---

## खबर संक्षेप

### मधुबन धाम में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा आज

**मगरलोड।** श्रीराम महायज्ञ एवं मेला महोत्सव समिति मधुबन धाम के नेतृत्व में आशीर्वाद ब्लड बैंक नयापारा राजिम द्वारा 25 फरवरी बुधवार को संत निवास मधुबन धाम रांकाडीह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। श्रीराम महायज्ञ मेला महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के इच्छुक रक्तदाताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### सुमीत को मिली अजा मोर्चा मंडल की कमान

**अंवरी।** भारतीय जनता पार्टी ने सुमीत को अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुरुद का दायित्व सौंपा है। उनकी नियुक्ति को पार्टी और समाज के प्रति समर्पण और



तकनीकी कौशल का परिणाम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने स्तर पर अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल संगठन को अत्यधिक मजबूत बनाएंगे। यह केवल एक पद नहीं है बल्कि जनता, कार्यकर्ताओं की सेवा का एक नया अवसर है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार माना। उनकी इस उपलब्धि पर हरिशंकर सोनवानी, रुमान कुर्रे, हिमांशु साहू, सत्यप्रकाश सिन्हा, सोमप्रकाश सिन्हा, राहुल बांधेकर, मनीष साहू सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम झुरातराई निवासी प्रेमलाल सोरी पिता जगतराम उम्र 44 वर्ष मजदूरी का काम करता था। उसकी पत्नी त्रिशाला सोरी व पुत्र गुलशन सोरी काम करने नगरी गए थे। युवक घर पर अकेला था। इसी दौरान युवक ने सोमवार को कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिए केरेगांव अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर युवक को जिला अस्पताल लाया गया जहां सोमवार की शाम डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौंप दिया है। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई



**धमतरी।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी द्वारा कलेक्टर एवं अध्यक्ष अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में नशा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कुरूद में फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी के सहयोग से चेयरमेन प्राप्ति वासानी, वॉइस चेयरमेन शिवा प्रधान और आकाश गिरी गोस्वामी के संयोजन में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ आशीष शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ पवन ताम्रकार, डॉ श्रीकांत नामदेव, लोकेश साहू आजीवन सदस्य ने युवाओं को प्रेरित किया। युवाओं ने आकर्षक स्लोगन के माध्यम से नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र जैसे संदेश दिए। प्रतिभागियों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई ।

---

माधव बाग में आयोजित हृदय रोग शिविर में डॉ. गुरुदत्त ने दिया व्याख्यान

# रसोई घर में छिपा है स्वस्थ हृदय का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विवेकानंद नगर स्थित माधव बाग कार्डियक केयर क्लिनिक धमतरी में मेगा हेल्थ असेसमेंट कैंप आयोजित किया गया जिसमें हृदय रोग, ब्लॉकेज, हार्ट फैलियर, डायबिटीज टाइप 1, टाइप 2, क्रॉनिक और मेलिगनेंट ब्लड प्रेशर के लगभग 103 रोगियों का परीक्षण मुंबई से आए माधव बाग के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ गुरुदत्त अमीन द्वारा किया गया ।

कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती विभा चंद्राकर ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया। सुबह 9.30-10.30 बजे तक माधव बाग क्लिनिक में हृदय रोगों की जागरूकता के लिए डॉ गुरुदत्त अमीन ने व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि हृदय रोग का प्रमुख कारण मानसिक तनाव, जीवन शैली में बदलाव एवं खान-पान की गलत आदत है। उन्होंने बताया कि कैसे जीवन शैली में बदलाव एवं अपने रसोई का उपयोग कर हृदय रोगों को टाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि पिछले 25 वर्षों में माधव बाग ने एलोपैथी चिकित्सा के मापदंड जो स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्थापित किए गए हैं, उनके साथ मिलकर माधव बाग की हृदय शुद्धिकरण पंचकर्म चिकित्सा के 250 से भी अधिक अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च पेपर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित हुए हैं। शीघ्र ही धमतरी में माधव बाग की आईपीडी शुरू होगी, जिससे लोगों को नागपुर एवं मुंबई जाकर चिकित्सा में ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ेगा। धमतरी में ही माधव बाग अपने विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्त करेगा। अभी माह के द्वितीय रविवार को नागपुर के सीनियर चिकित्सा माधव बाग क्लिनिक धमतरी में उपस्थित रहते हैं।



कार्यक्रम में पूर्व पार्षद श्रीमती सुशीला तिवारी, वरिष्ठ नागरिक अरविंद दोशी, कविंद्र जैन, विक्रांत पांडे, विद्याधर दीवान, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राकेश दीवान, रोहिताश मिश्रा, ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती पूजा मिश्रा, उद्योगपति सुनील अग्रवाल, सत्येंद्र शर्मा, सनी अग्रवाल, नीरज श्रीवास्तव मौजूद थे। मंच संचालन श्रीमती उज्ज्वला साहू व आभार प्रदर्शन डॉ अवध पचौरी ने किया ।

---

# नगरी ब्लॉक के श्रमिकों को मिलेगा 5 रुपये में गरम एवं पौष्टिक भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरी ब्लॉक के श्रमिकों को अब मात्र 5 रुपये में गरम एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए नगरी नगर मुख्यालय में शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना के संचालन हेतु स्थल चयन एवं आवश्यक अधोसंरचना की व्यवस्था करने के निर्देश श्रम विभाग को जारी कर दिए गए हैं।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि यह योजना छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित है। वर्तमान में यह योजना धमतरी के कचहरी चौक में संचालित हो रही है, जहां मंडल में पंजीकृत निर्माणी एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 5 रुपये में गरम एवं पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने नगरी ब्लॉक के श्रमिकों को भी इस योजना का लाभ दिलाने हेतु कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा श्रम विभाग को नगरी में श्रम अन्न केन्द्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा इसे शीघ्र प्रारंभ करने की अनुमति भी प्रदान कर दी गई है।

श्रम पदाधिकारी एनके साहू ने बताया कि नगरी ब्लॉक में शीघ्र ही नवीन श्रम अन्न केंद्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे दूरस्थ अंचल के श्रमिकों को भी 5 रुपये में गरम भोजन की सुविधा मिल सकेगी। प्रतिदिन सैकड़ों श्रमिक इस योजना से लाभान्वित होंगे। साथ ही केंद्र में पंजीकृत श्रमिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा अपंजीकृत श्रमिकों का तत्काल पंजीयन भी किया जाएगा।

खबर संक्षेप

## पालनहार बने अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष



पुरी। सभापति जनपद सदस्य प्रतिनिधि पालनहार दिली को भोथली मंडल के अनुसूचित जाति मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। वे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सदस्य में 10 साल से काम कर रहे हैं। वर्तमान में ग्राम पंचायत छाती के 39 के बूथ अध्यक्ष हैं। अभी हाल में उन्हें अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

## दुलारुराम को मंत्री पद का मिला दायित्व



जीजामगांव। दुलारुराम साहू को किसान मोर्चा जिला धमतरी के मंत्री पद का दायित्व सौंपा गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, रायपुर संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी , जिला संगठन प्रभारी किरण बघेल, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहिताश मिश्रा के समक्ष भाजपा की नई कार्यकारणी घोषित की गई जिसमें दुलारु राम साहू को किसान मोर्चा जिला धमतरी के मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। इनकी नियुक्ति पर विधायक अजय चंद्राकर, भानू चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष, गौकरण साहू, मंडल अध्यक्ष डॉ लोकेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू, थानेश्वर तारक, चंचल साहू जनपद सभापति , सरपंच पूजा साहू, खेमचंद साहू, सरपंच, जीवनलाल साहू, जिला सहकारी समिति अध्यक्ष दरबा राकेश कुमार साहू, सरपंच बेनीराम साहू, नागेश्वर साहू, रूपेंद्र साहू, भारत राम साहू, संजीव सार्वा ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## कोड़ेकुर्सी में आज से सजेगा वार्षिक मेला

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में आज 25 फरवरी से दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच साधना सहारे ने बताया कि यह मेला गांव की परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। जनपद सदस्य अमृत कोटिगला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं तथा ग्रामीण संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। उपसरपंच जगदेर दुग्गा एवं संरक्षक अजीत हिडको तथा पवन हिडको ने जानकारी दी कि मेले में स्थानीय व्यापारियों को विशेष अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवश्यक वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

## किसान मोर्चा ने साल्हेटोला में लगायी जनचौपाल

कांकेर। केंद्र सरकार की योजना जीबी राम जी के तहत ग्राम साल्हेटोला में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों से चर्चा की गई। 125 दिन काम, ग्राम सभा को दिए गए अधिकार और देरी पर भुगतान, जल समस्या निवारण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र बंटी ठाकुर के निर्देश पर पदाधिकारी 5 ग्राम पंचायत में जाकर ग्रामीण जनों से मुलाकात की किया।

न्यायालय तहसीलदार भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-74/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमसिंग पिता रूगूराम निवासी भैसबोड़ तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के पिता रूगूराम की मृत्यु दिनांक 08/11/2016 को ग्राम भैसबोड मे हो चुकी है। आवेदक अपने पिता की मृत्यु को आज दिनांक तक जन्म - मृत्यु रजिस्ट्रार कार्यालय मे पंजीयन नही कराया है जिस संबंध मे मृत्यु प्रमाण की मांग हेतु विधिवत आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धा प्रमाण पत्र की प्रति मय दस्तावेज न्यायालय मे पेश किया है।

अतः आवेदक खेमसिंग के आवेदन पत्र के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 06/03/2026 को स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भखारा

### हितेश महेश फाउण्डेशन का धार्मिक आयोजन, सोंढूर डैम बना आस्था का केंद्र

# मेचका में 40 फीट महाकाल की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी ब्लाक के सोंढूर डैम स्थित प्रसिद्ध मुचकुन्द ऋषि के तपोस्थल पर पहाड़, जंगल और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। सांकरा के हितेश महेश फाउन्डेशन द्वारा यहां महाकाल भगवान भोलेनाथ की 40 फीट ऊंची मूर्ति का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 25 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित किया गया है।

सोंढूर डैम और मुचकुन्द ऋषि आश्रम पूरे प्रदेश में अपनी धार्मिक और प्राकृतिक महत्ता के लिए प्रसिद्ध है। वन विभाग द्वारा विकसित ईको पार्क तथा सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस के कारण यह स्थल पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां ओडिशा, बस्तर और राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सैलानी पहुंचते हैं। जिला प्रशासन द्वारा भी इस स्थल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। डैम में नौका विहार, होम गेस्ट हाउस सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिसकी देखरेख समिति द्वारा की जाएगी।

इसी पावन स्थल पर साकरा के सिन्हा परिवार द्वारा भगवान भोलेनाथ की चालीस फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जा रही है। महाकाल के भक्त हितेश सिन्हा ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए बारह पाली मेचका के सदस्यों की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है।

बैठक में श्यामल साय ध्रुवा, रूपेश नाग, पंचू राम ओटी, कमलेश प्रजापति, फूलसिंग ध्रुव, धर्मेन्द्र बिसेन, लकेश्वर साहू, विमला ध्रुवा और दानी राम नेताम उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि भगवान शंकर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम की भी तैयारी की जा रही थी, लेकिन समय नहीं मिल पाने के कारण फिलहाल इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

## कर्राघाटी में शेड निर्माण का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के ग्राम कर्राघाटी में टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम थे।

उनके साथ सरपंच दुर्गा दर्रो, उपसरपंच नोहर सिंह मरकाम, वार्ड पंच हिरदेश्वरी मरकाम, रमती कुंजाम, अभयराम कुंजाम, आशलता मरकाम, ग्राम पटेल सुरेश मरकाम, थनवार सिंह नेताम, सतरूपा मरकाम, गणपत यादव, कलेश्वर मरकाम, संतकुमार यादव भी थे। प्रमोद कुंजाम ने कहा कि पंचायतों में आधारभूत सुविधाओं का विकास प्राथमिकता है और क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। टिन शेड बनने से गांव में सामाजिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों के लिए स्थाई व्यवस्था उपलब्ध होगी। ग्रामवासी मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।

## बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य पर जोर : वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2025–26 के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार ने ज्ञान से गति तक विकास की निरंतर यात्रा को मजबूत आधार दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में 1.47 लाख करोड़ के बजट प्रावधान को बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 1.65 लाख करोड़ किया जाना प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था, दूरदर्शी नीति और तेज विकास का स्पष्ट संकेत है। लगभग 12 फीसदी की वृद्धि यह दर्शाती है कि सरकार विकास के हर क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए संतुलित और जनकल्याणकारी नीति पर कार्य कर रही है।

श्री साहू ने कहा कि इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र क्षेत्र को मजबूत बनाने पर ध्यान दिया गया है। किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक कृषि उपकरणों को प्रोत्साहन, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, कृषि आधारित उद्योगों के विकास और समर्थन मूल्य से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने जैसे प्रावधान किसानों के जीवन में स्थायी सुधार लाने वाले सिद्ध होंगे। सरकार ने स्कूलों और महाविद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन, डिजिटल शिक्षा के विस्तार, तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने तथा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं को सुदृढ़ करने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

## बच्चों को नशे की सामग्री न बेचने दुकानदारों को दी गई समझाइश

■ नशे के खिलाफ गिरौद के शिक्षकों ने चलाई मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



वर्तमान में नशे का जाल सभी गांवों तक फैल चुका है । स्कूली बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। स्कूलों के आसपास ये सामान आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। इसी तारताम्य में शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला गिरौद के प्रधानपाठक चंद्रशेखर सेन एवं श्यामलाल साहू ने स्कूल के आसपास एवं ग्राम में स्थित सभी दुकानदारों को समझाइश दी कि गुटखा, पाउच, तम्बाकू युक्त पदार्थ, बीड़ी, सिगरेट, नशे की गोली किसी भी छोटे एवं स्कूली बच्चों को न बेचें। दुकानदारों ने भी नशे के खिलाफ इस मुहिम में शिक्षकों का साथ देने की बात कही व पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

गौरतलब है कि शासन ने स्कूल परिसर के आसपास तम्बाकू मुक्त क्षेत्र पहले ही घोषित कर रखा है। स्कूल में भी निरंतर समझाइश के साथ चेतना सत्र का आयोजन किया जाता है। नशा उन्मूलन सम्बन्धी गीत, कविता, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाता है। दुष्प्रभाव पर चर्चा की जाती है।

## नल-जल ऑपरेटर संघ के योगेश बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत नल जल ऑपरेटर संघ कुरूद ब्लाक की बैठक 24 फरवरी को खेल मैदान कुरूद में 11 बजे रखी गई। सदस्यों द्वारा संघ के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। संघ के विस्तार के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसहमति से अध्यक्ष योगेश सेन कोसमर्रा, उपाध्यक्ष अशोक कुमार यादव आलेखुंटा, सचिव जितेन्द्र कुमार साहू गोबरा, सह सचिव योगेश्वर साहू बानगर, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ध्रुव मोंगरा, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू डांडेसरा, संरक्षक पंचदेव ध्रुव भुसरेंगा, गौकरण साहू चोरभट्ठी, सलाहकार दुर्गेश साहू कुहकुहा, बलदेव यादव कोटगांव, सुमित साहू कोर्रा, चित्रसेन साहू कोलियारी, अवन साहू जोरातराई, देवेन्द्र साहू परखंदा, लता यादव कोड़ेबोड़ बनाए गए। इस अवसर पर संतोष साहू, लेखराम कंडरा, पूरन कंवर, श्रवण कुमार, कमलू राम निषाद, हेमंत कुमार साहू, गजानंद साहू, तालसिंग कुंजाम, तोताराम साहू, केजूराम साहू, कोपेश्वर साहू, मिथिलेश यादव, गोविंद तारक उपस्थित थे।

## हरिभूमि इम्पैक्ट : जुआरियों के ठिकाने पर भखारा पुलिस का छापा, 3 गिरफ्तार



■ आरोपियों के कब्जे से 3,100 रुपये नगद और ताशपत्ती जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

क्षेत्र में पनप रहे अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उठाए गए मुद्दे का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में भखारा पुलिस ने ग्राम जोरातराई हाईस्कूल के पीछे चल रहे जुआ फड़ पर दबिश देकर 3 जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

थाना भखारा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जोरातराई में कुछ लोग हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर रेड मारी। पुलिस को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई, जिसमें कुछ आरोपी फरार होने में कामयाब रहे, जबकि 3 को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में होमेश मारकण्डेय (सिवनीकला), रमेश कुमार साहू (भेडसर) और प्रहलाद बघेल (रायपुर) शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 3,100 रुपये नगद और ताश की पत्तियां जब्त की हैं। सभी के खिलाफ छग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## घोटगांव में 35 लीटर महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



नगरी। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम घोटगांव में 35 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के सख्त निर्देशों तथा जिला आबकारी अधिकारी निरुपमा लोन्हारे के मार्गदर्शन में की गई। आबकारी उप निरीक्षक वृत्त नगरी निशांत साधु के नेतृत्व में टीम ने प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर थाना नगरी क्षेत्र अंतर्गत आरोपी तोमन लाल कश्यप पिता सम्पत कश्यप के निवास पर दबिश दी। तलाशी के दौरान घर से लगभग 35 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59-क के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। बाद में न्यायालय में पेश करने पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

इस अभियान में आबकारी उपनिरीक्षक (परि.) विवेक कुमार दीवान, अजयराज कश्यप, गिरिजा बघेल, मुख्य आरक्षक मुरली सोनी, आबकारी आरक्षक प्रशांत यादव, नगर सैनिक जितेंद्र कोरे एवं ज्योति बंजारे का सराहनीय योगदान रहा।

## विभिन्न मोर्चा व मंडल के पदाधिकारियों ने विधायक चंद्राकर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

जिले में विभिन्न मोर्चा व मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का गठन किया गया। नवीन पदाधिकारी कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात करने रायपुर निवास पर पहुंचे। नवीन पदाधिकारियों द्वारा विधायक को पुष्प गुच्छभेंट किया गया। श्री चंद्राकर ने सभी पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के साथ काम करने, अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने व पद की गरिमा को बनाए रखने की सलाह दी। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष धनेश बंजारे, उपाध्यक्ष पूरण घृतलहरे, महामंत्री रमेश भतपहरी , कोषाध्यक्ष सुनील गायकवाड़, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र साहू , दुलारू राम साहू जिला मंत्री, अन्य पिछड़ा वर्ग जिला कोषाध्यक्ष अजीत गिरि गोस्वामी, मीडिया प्रभारी नीलमणि निषाद, महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ललिता भतपहरी, जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राकेश साहू, मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष गौकरण निर्मलकर, सिर्री मंडल के महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा ध्रुव, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष योगेश साहू, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गोपी साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंशाराम चतुर्वेदी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पीतांबर ध्रुव, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, पुष्पेंद्र साहू जिला उपाध्यक्ष, डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष , गौरव भोसले महामंत्री, थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल, नारायण साहू उपाध्यक्ष, पवन साहू पूर्व सरपंच संकरी, गज्जू साहू पूर्व सरपंच संकरी, खिलावन साहू समिति अध्यक्ष, शिवराम श्रीहोल सरपंच संकरी, ओमप्रकाश साहू , ईश्वरी तारक पूर्व सरपंच गोजी, पिंटू सेन, राजेन्द्र साहू उपस्थित थे।

### झिरिया धोबी समाज ने गाडगे जयंती धूमधाम से मनाई

# संत गाडगे स्वच्छता के जनक थे : बलजीत छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

■ सुनील सिंहसार बने नगरी सिहावा के अध्यक्ष

झिरिया धोबी समाज नगरी सिहावा ने संत गाडगे महराज की 150 जयंती धूमधाम से मनाई। संत गाडगे भवन नगरी में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता के जनक संत गाडगे महराज की पूजा अर्चना व महाआरती से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने संत गाडगे महराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाडगे बाबा स्वच्छता के जनक थे। उन्होंने शिक्षा , स्वास्थ्य व धर्म के मार्ग पर चल कर जीवन को जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने समाज की मांग पर शेड निर्माण के लिये तीन लाख रुपये की घोषणा की। सभापति अश्वनी निषाद ने शौचालय निर्माण के लिये एक लाख रुपये व पार्षद नरेश पटेल ने पचास हजार रुपये पार्षद निधि से देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता झिरीया धोबी समाज जिला अध्यक्ष भरत निर्मलकर ने की। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षा ही मूलमंत्र होता है । गाडगे बाबा ने अपना पूरा जीवन गरीबों, दलितों की सेवा में बिताया। विशिष्ट अतिथि पार्षद राजा पवार, पार्षद देवचरण ध्रुव, पार्षद विनीता कोठारी, पार्षद शंकर देव, पार्षद जयंती साहू,पार्षद मिक्की गुप्ता थे।





सम्मेलन के दौरान नगरी सिहावा परिक्षेत्र का चुनाव सम्पन्न हुआ। सर्व सम्मति से सुनील सिहसार सिहावा को अध्यक्ष बनाया गया। सचिव घासी निर्मलकर बिरनपुर, महासभा पदाधिकारी चमन निर्मलकर फरसियां, उपाध्यक्ष राजेश निर्मलकर घुटकेल, कोषाध्यक्ष राकेश निर्मलकर सिरसिदा, सह सचिव अभिमन्यु निर्मलकर खम्हरिया, देवा निर्मलकर कल्लेमेटा, संगठन मंत्री डायमंड निर्मलकर सांकरा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुसुइया निर्मलकर सिरसिदा, सचिव सुनीता निर्मलकर नगरी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिल निर्मलकर हरदीभाटा, ग्रामीण पंच राहुल निर्मलकर शोभा, अरुण निर्मलकर सिहावा, भुवन निर्मलकर सांकरा, तुलाराम कल्लेमेटा, राजेन्द्र निर्मलकर अमाली, संदेश वाहक जयराम निर्मलकर नगरी, भवन प्रभारी प्रकाश निर्मलकर, अमन निर्मलकर बनाये गए। इस दौरान सुकालू निर्मलकर, संजू निर्मलकर, रामजी छाटा, सत निर्मलकर, राजकुमार निर्मलकर, लक्ष्मण निर्मलकर उपस्थित थे।

## डांडेसरा में पंचायत सचिव देवव्रत ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत डांडेसरा में नये पंचायत सचिव देवव्रत साहू ने पंचायत सचिव के रूप में मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पहले खेदन लाल निषाद सचिव का पद संभाल रहे थे। मंगलवार को खेदनलाल निषाद ने देवव्रत साहू को ग्राम पंचायत भवन में ग्राम पंचायत डांडेसरा का अब तक के आय-व्यय की लिखित तौर पर जानकारी देकर कार्यभार सौंपा।

इस अवसर पर सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकार, रोजगार सहायक एमन्त कंवर, कम्प्यूटर आपरेटर भोलेश्वर यादव, पंचायत भृत्य टिकेश्वर साहू, दीपक साहू, अंगद चन्द्राकर उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## वार्षिक मेला का शुभारंभ श्रद्धा और परंपरा का संगम

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली में 24 फरवरी को दो दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायत के तत्वाधान में किया गया। मेले का शुभारंभ ग्राम के देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गायता पटेल द्वारा किया गया। पूजा-अर्चना उपरांत पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मेला स्थल की ढाई चक्कर परिक्रमा की गई। इस शुभ अवसर पर आसपास के ग्रामों के देवी-देवताओं के प्रतिनिधि, गायता पटेल, सिरहा, गुनिया, बैगा एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## युवक की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर के स्टाप ने 23 फरवरी को दोपहर बाद पुलिस को जानकारी दिया कि संजयपारा थाना पखांजुर 19 वर्षीय संतोष यादव पिता एकनाथ यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## डॉ. ईश्वर को मिली भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की कमान

**बासनवाही।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन ने डॉ. ईश्वर जैन को एक बार फिर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर पुनः विश्वास जताए जाने से स्थानीय कार्यकर्ताओं और चिकित्सा जगत से जुड़े भाजपा समर्थकों में उत्साह की लहर है। नियुक्ति के पश्चात डॉ. ईश्वर जैन ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने मुझे पुनः इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के योग्य समझा।

## युवक ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 7 न्यू कालोनी कापसी निवासी 25 वर्षीय अंकुश सेन पिता समर सेन ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। न्यू कालोनी कापसी निवासी समर सेन ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी को मृतक ने खड़ी बस के अंदर फांसी लगा लिया। किस कारणों से फांसी लगाया यह फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क पर उतरकर युवा कांग्रेस ने जमकर की नारेबाजी

# पीएम मोदी के खिलाफ युकां का प्रदर्शन

- भाजपा कार्यालय घेराव के दौरान पुलिस व कांग्रेसियों में झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित जेफरी एपस्टिन फाइल को लेकर देश की राजनीति में उबाल आ गया है। फाइल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम आने का दावा करते हुए युवा कांग्रेस ने मंगलवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें बैरिकेडिंग के पास ही रोक दिया।

भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को रोकते ही माहौल गर्मा गया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच करीब आधे घंटे तक तीखी नोकझोंक और धक्का–मुक्की की स्थिति बनी रही। आक्रोशित कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर झंडा लहराने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने तत्काल उतार दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

**एपस्टिन फाइल के ई-मेल का हवाला**

युवा कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जारी फाइल में कुख्यात अपराधी जेफरी एपस्टिन से जुड़े एक ई-मेल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एपस्टिन के कथित मुलाकात का उल्लेख बताया जा रहा है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि एपस्टिन जैसे व्यक्ति से किसी भी तरह का संबंध देश की छवि को धूमिल करता है। उन्होंने इसे शर्मनाक बताते हुए मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की।

प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के साथ-साथ जिला और ब्लॉक स्तर के सैकड़ों कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने केंद्र सरकार और भाजपा पर गंभीर सवाल खड़े किए और जवाबदेही तय करने की मांग की। करीब आधे घंटे तक चले हंगामे और नारेबाजी के बाद पुलिस की समझाइश पर प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक लौट गए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है, जो संदेह को और गहरा करती है। उन्होंने मांग की कि मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या न्यायिक आयोग से कराई जाए, ताकि सच सामने आ सके और देश की छवि पर लगे दाग को साफ किया जा सके। कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि यदि जांच की मांग को नजरअंदाज किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### भाजपा ने आरोप को बताया निराधार

वहीं भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यह महज राजनीतिक स्टंट है। भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस तथ्यों के बिना अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

### कांग्रेसियों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एपस्टिन फाइल से जुड़े पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की मांग की है। कांग्रेसियों का कहना है कि यदि फाइल में प्रधानमंत्री के नाम से जुड़ा कोई भी तथ्य सामने आता है, तो उसकी सच्चाई देश की जनता के सामने आनी चाहिए।

# अर्जुनी, भानपुरी रोड के चौड़ीकरण के लिए शासन से मिले 24 करोड़

- बदलेगी तस्वीर, विकास के एक्सप्रेस ट्रैक पर शहर : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। नगर निगम के महापौर रामू रोहरा के सतत प्रयास, दूरदर्शी सोच और प्रभावी समन्वय का परिणाम है कि ग्राम अर्जुनी, भानपुरी, तरसींवा, कुर्रा, अमलीडीह और नया बस स्टैंड को जोड़ने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण के लिए 24 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है।



यह मार्ग केवल सड़क निर्माण की योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, शहरी विस्तार और आर्थिक सशक्तिकरण की मजबूत नींव है। इसके निर्माण से आवागमन सुगम होगा, व्यापार और उद्योग को गति मिलेगी, किसानों को अपनी उपज के लिए बेहतर बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी, विद्यार्थियों को शिक्षा तक पहुंच आसान होगी और आम नागरिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक परिवहन की सुविधा मिलेगी।

महापौर रामू रोहरा ने इस स्वीकृति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा एवं सांसद रूप कुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के कारण धमतरी को यह बड़ी सौगात मिली है। महापौर ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि मजबूत सड़क नेटवर्क, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक आधारभूत संरचना के माध्यम से धमतरी को विकास का आदर्श मॉडल बनाना। 24 करोड़ रुपये की यह स्वीकृति हमारी उसी प्रतिबद्धता का ठोस प्रमाण है। उन्होंने यह भी भरोसा जताया कि आने वाले समय में धमतरी विधानसभा क्षेत्र की अन्य प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिससे कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई ऊंचाई मिलेगी। यह महत्वाकांक्षी परियोजना वर्षों पुरानी जन-आकांक्षा को साकार करेगी, विकास की रफ्तार को दोगुना करेगी और धमतरी को प्रगति, समृद्धि एवं मजबूत बुनियादी ढांचे के नए शिखर पर स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगी।

# शराब का अवैध परिवहन : चार लोगों पर एफआईआर दर्ज, तीन गिरफ्तार




- एफआईआर दर्ज होने के 12 दिन बाद भी चौथे आरोपी की गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

12 फरवरी को शासकीय देसी शराब दुकान बोरसी के समीप गौठान के पास बड़ी मात्रा में शराब से भरे वाहन को मगरलोड पुलिस ने पकड़ा था। इस मामले में पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत 34/2 अपराध दर्ज कर 4 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस थाना लाया जिसमें आरोपी केशव दास सोनवानी, दुर्गेश सोनवानी, ललित महानंद व ओमप्रकाश सिन्हा का नाम एफआईआर में दर्ज है। इनके कब्जे से 310 नग देसी प्लेन पौवा, 396 नग देसी मसाला पौवा सहित 706 नग कीमत 72320 रुपए तथा लाखों रुपए की कार जब्त की गई। इस मामले में पुलिस ने मात्र 3 आरोपी केशव दास सोनवानी, दुर्गेश सोनवानी, ललित महानंद के खिलाफ गिरफ्तारी बताकर रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

शराब परिवहन करने में शामिल चौथा आरोपी ओमप्रकाश सिन्हा ग्राम भालूचुआ का निवासी है। उक्त व्यक्ति शासकीय देसी शराब दुकान बोरसी का मैनेजर है। अवैध शराब परिवहन करने जैसे संवेदनशील मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने के 12 दिन बाद भी चौथे आरोपी गिरफ्तारी नहीं कर पाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां बताना आवश्यक है कि 1 फरवरी से राजिम कुंभ कल्प मेला का शुभारंभ किया गया था। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ब्लॉक मुख्यालय में संचालित देसी विदेशी शासकीय शराब दुकान को 1 से 15 फरवरी तक बंद किया गया था। अवैध शराब परिवहनकर्ता शासकीय शराब दुकान के मैनेजर होने से पुलिस की सांठगांठ कर क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन धड़ल्ले कर रहे थे। चौथे आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस कार्रवाई पर संदेह का बाजार गर्म चल रही है।

### क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी

इस संबंध में थाना प्रभारी एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला ने कहा कि अवैध शराब परिवहन कार्य में चार लोगों पर एफआईआर दर्ज है। तीन को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। चौथे आरोपी की गुनाह का सबूत जुटाया जा रहा है। एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा ने कहा कि अवैध शराब परिवहन करते पकड़े जाने के समय छुट्टी में थी। मामले में जांच चल रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पांडेय ने बताया कि अवैध शराब परिवहन कार्य में चौथे आरोपी की गुनाह का साक्ष्य नहीं मिलने के वजह से अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। आबकारी विभाग को नोटिस किया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर गिरफ्तार किया जाएगा।

### पुलिस मेहरबान तो गदहा भी पहलवान

माघी पुन्नी राजिम मेला 1 फरवरी से प्रारंभ हुआ था। इससे ब्लॉक मुख्यालय में संचालित देसी विदेशी शासकीय शराब दुकान 1 से 15 फरवरी तक बंद की गई। अवैध शराब परिवहनकर्ता बिना भय से 1 से 12 फरवरी तक शराब की अवैध परिवहन में लिप्त था। अवैध शराब परिवहन करते बोरसी शराब दुकान समीप गौठान के पास 310 नग देशी प्लेन पौवा,396 नग देशी मसाला पौवा सहित 706 नग कीमत 72320 रुपए तथा लाखों रुपए की कार को पकड़ा था। बारह दिनों तक पुलिस की गश्त, चेकिंग, पेट्रोलिंग कार्य करते पुलिस को भनक नहीं लगी।

### शासकीय आदेश को दिखाया ठेंगा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजिम मेला क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने मेला समाप्ति तक 15 दिनों तक शासकीय शराब दुकान से शराब बिक्री पूर्णतः बंद किया गया था। शासन की आदेश अवहेलना कर पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम हजारों रूपये की देसी शराब का परिवहन किया जा रहा था।

### शराब दुकान संचालक की जिम्मेदारी पर संदेह

शासकीय शराब दुकान के संचालन हेतु एक सुपरवाइजर की नियुक्ति कर पूर्ण जिम्मेदारी दी गई है । उक्त शराब दुकान से भारी मात्रा में शराब निकाली गई है। सुपरवाइजर की जानकारी एवं निगरानी से संभव हो पाता है। शराब दुकान संचालन कर्ता की जिम्मेदारी में घोर लापरवाही उजागर हो रही है। घटना पर शराब परिवहन कर्ता के साथ साथ जिम्मेदार व्यक्ति को बराबर का दोषी माना जा सकता है।

# नालंदा परिसर को मिला जनसमर्थन

- हटकेशर वासी बोले: निजी हित शिक्षा के विकास में बाधा न बनें
- हाईटेक पढ़ाई से बदलेगा बच्चों का भविष्य, 40 वार्डों और ग्रामीण अंचल को होगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



हटकेशर वार्ड में प्रस्तावित नालंदा परिसर निर्माण को लेकर अब तस्वीर साफ होती नजर आ रही है। जहां एक ओर कुछ लोग निजी हितों के चलते इसका विरोध कर रहे हैं, वहीं बड़ी संख्या में वार्डवासी खुलकर नालंदा परिसर के पक्ष में सामने आए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि नालंदा परिसर का निर्माण केवल एक भवन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संवारने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।



वार्डवासियों ने कहा कि नालंदा परिसर बनने से स्कूली बच्चों की शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा। आधुनिक एवं हाईटेक तकनीक से युक्त इस परिसर में पढ़ाई कर बच्चे तकनीकी रूप से सक्षम बनेंगे, जिससे उनका जीवन स्तर सुधरेगा और प्रतिस्पर्धी दौर में वे पीछे नहीं रहेंगे। यह पहल केवल हटकेशर वार्ड तक सीमित नहीं है, बल्कि शीतलापारा, लाल बगीचा सहित धमतरी शहर के सभी 40 वार्डों के बच्चों के भविष्य से जुड़ी हुई है।

हटकेशर वार्ड पार्षद सूरज गहरवाल सहित वार्डवासी हेमंत भाड़े, राजा कौशिक, प्रेमलाल ठाकुर, अशोक पटेल, जगत साहू, कृष्ण बंजारे, जागेश्वर जांगड़े, बीरेंद्र देवांगन, रमेश देवांगन, दिलीप देवांगन, रोशन जोशी, रानी मेनपाल, गेंदलाल जोशी, रोहित पटेल, प्रशांत मेनपाल सहित अन्य नागरिकों ने कहा कि नालंदा परिसर का विरोध करना जनहित के खिलाफ है।

वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग अपने व्यक्तिगत हितों को साधने के लिए इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक परियोजना का विरोध कर रहे हैं, जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज और वार्ड के समग्र विकास के लिए व्यक्तिगत स्वार्थ का त्याग आवश्यक है। नालंदा परिसर से न केवल शहरी बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा।

वार्डवासियों का दावा है कि हटकेशर, शीतलापारा और लालबगीचा क्षेत्र के लगभग 75 से 80 प्रतिशत नागरिक नालंदा परिसर निर्माण के पक्ष में हैं। अधिकांश लोगों की सोच है कि शिक्षा से बड़ा कोई विकास नहीं होता और यदि आज बच्चों को बेहतर संसाधन मिलेंगे तो कल वही बच्चे धमतरी का नाम रोशन करेंगे।

समर्थन में उतरे नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि नालंदा परिसर निर्माण कार्य को बिना किसी दबाव के शीघ्र पूरा किया जाए। उनका कहना है कि यह परियोजना धमतरी की शैक्षणिक पहचान बनेगी और आने वाले वर्षों में इसका सकारात्मक असर पूरे जिले में दिखाई देगा।

**धमतरी।** ग्राम भटगांव में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम में सरिता बहन ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया।

## ब्राम्हणपारा में सुनी गई मोदी के मन की बात

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131 वें अध्याय को नगर निगम धमतरी के ब्राह्मण पारा वार्डवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष भाजपा विजय यदु की उपस्थिति में ध्यानपूर्वक सुना गया जिसमें प्रमुख रूप से महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी श्रीमती डॉली प्रतिमा सोनी, शहर मंडल कार्यालय मंत्री खिलेश कुम्भकार, पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष मोटू कुम्भकार, पार्षद कोमल सार्वा, पूर्व एल्डरमेन जगदीश कुम्भकार, बूथ अध्यक्ष अमित साहू, श्रीमती वीणा कुम्भकार, लोकेश कुम्भकार, कमलेश कुम्भकार, आकाश निर्मलकर उपस्थित रहे।

# कोर्रा तथा हथबंद सचिव पर कार्रवाई की मांग

- पंचायत प्रतिनिधियों ने कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन तथा तालाबंदी की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले की पंचायतों से सचिव के खिलाफ शिकायतें मिल रही हैं। ग्राम पंचायत कोर्रा तथा ग्राम पंचायत हथबंद के सचिव पर कार्रवाई की मांग की गई है। मंगलवार को ग्राम पंचायत कोर्रा के सरपंच, पंचों ने कलेक्टर से मुलाकात कर कहा है कि ग्राम पंचायत कोर्रा का सचिव लगातार कई महीनों से अनुपस्थित चल रहा है जिससे गांव का विकास कार्य ठप पड़ गया है। सचिव के नहीं आने से कम्प्यूटर आपरेटर को 8 माह, ग्रीन आर्मी को 4 माह तथा नाली सफाई का मजदूरी भुगतान नहीं हो पा रहा है। वृक्षारोपण में पानी डालने वाले मजदूर भी मेहनताना के लिए तरस रहे हैं। इसी तरह जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड बनाने एवं सुधार कराने में समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने ज्ञापन में शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले सचिव का स्थानांतरण या निलंबित कर दूसरा सचिव नियुक्त करने की मांग की है। अन्यथा पंचायत में ताला बंद कर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मांग के समर्थन में जोहार पार्टी के निखिलेश देवान आदि मौजूद थे।

### बिना जानकारी के सचिव ने निकाले 20 हजार रुपये

ग्राम पंचायत हथबंद के सरपंच रामप्रकाश साहू, पंच तिलकराम, नेमीचंद, दामिनी साहू आदि ने कलेक्टर से सचिव को हटाने की मांग करते हुए आवेदन में कहा है कि 12 दिसंबर 2025 को ग्राम सचिव को हटाने का आवेदन किया था जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सचिव ने बिना जानकारी के बिजली के नाम से 20 हजार रुपए निकाल लिए हैं। सरपंच ने 7 दिन के अंदर सचिव को नहीं हटाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# डुबान प्रभावितों के आंदोलन को सर्व आदिवासी समाज ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



रविशंकर सागर परियोजना गंगरेल के तहत भू-अधिग्रहण से प्रभावित आदिवासी एवं अन्य परिवारों के समर्थन में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं समाजजन धरना स्थल में पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने धरना दे रहे प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

सर्व आदिवासी समाज ने कहा कि वर्षों से भू-विस्थापित आदिवासी परिवार न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जबकि माननीय न्यायालय के आदेशों के बावजूद अब तक सभी पात्र परिवारों को भूमि आवंटन नहीं किया गया है। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

समाज प्रमुखों ने शासन से मांग की कि प्रभावित आदिवासी परिवारों को शीघ्र भूमि आवंटित कर उनके साथ न्याय किया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जब तक सभी पात्र परिवारों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक समाज शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगा।

धरना स्थल में सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, डॉ.ए आर ठाकुर, रामेश्वर मरकाम, बंटी मरकाम, प्रद्युमन नेताम समेत अनेक पदाधिकारी तथा युवा प्रभाग के सदस्य उपस्थित रहे।

## बच्चों ने दी लोक, पंथी नृत्य की प्रस्तुति

**धमतरी।** शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला बालक बठेना में समग्र शिक्षा के तहत पूर्व व्यावसायिक शिक्षा विधा लोकनृत्य का चयन किया गया था। लोकनृत्य प्रशिक्षक श्रीमती कलेश्वरी साहू द्वारा नृत्य प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी शिक्षक प्रेमराज भोई एवं प्रधान पाठक राजेंद्रप्रसाद सिन्हा के मार्गदर्शन में नृत्य प्रशिक्षण का समापन समारोह एवं शाला स्थापना के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य, पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई।

आवश्यकता है: समर्थन संस्था जिला कांकेर
पदनाम : जे.सी.बी. बैकहो लोडर ऑपरेटर
पद संख्या: 2 वेतन: 25,000/- प्रतिमाह
कार्य क्षेत्र: विकास खण्ड कांकेर
योग्यता एवं शर्तें: 1. वैध LDRXCV अथवा हैवी मोटर व्हीकल (HMV) ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य। 2. संबंधित कार्य में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक।
इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित समर्थन कार्यालय, आदर्श नगर, शिवनगर रोड, कांकेर में जमा करें।
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: मो. 9179881799, 7000670620



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर्स उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सातवीं पुण्यतिथि



आंखों में थे उम्मीदों के सपने...
और सजी थी मुखड़े पर मुस्कान
घर में तुम्हारे रहने से... आ जाती थी हम सबमें जान
लीलांश तुम्हारे जाने से... सूना हो गया ये परिवार
प्रिय लीलांश,
इस जहां को रोशन कर अब,
तुम अनंत यात्रा पर निकल गए हो।
पहले सबका आशीर्वाद तुम्हारे साथ था,
अब तुम्हारा आशीर्वाद सबके साथ होगा।
ईश्वर तुम्हे अपना सान्निध्य प्रदान करे
सादर नमन...
लीलांश देवांगन
श्रद्धावनत...
अयोध्या प्रसाद देवांगन, अवधराम देवांगन, अमरूराम देवांगन, मोतीलाल देवांगन एवं समस्त देवांगन परिवार सिर्री ( कुरूद )
- विनीत -
स्व. श्री खेमनलाल देवांगन (पिताजी)
(वरिष्ठ पत्रकार सिर्री)
सावित्री देवांगन (माताजी)
पामेश देवांगन (भाई)
हरिभूमि संवाददाता - देवांगन न्यूज एजेंसी सिर्री

## खबर संक्षेप

### जिले के सभी ब्लॉक में होगी पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना

**बीजापुर।** पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक ब्लॉक में पशु औषधि विक्रय केन्द्र खोला जाना है। जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से पशुपालकों को सस्ती दरों पर अच्छी गुणवत्ता की पशु औषधियां उपलब्ध कराना है। पशु औषधि केन्द्रों के परिपालन हेतु न्यूनतम 120 स्क्वायर फिट स्वयं की या किराये की जगह की आवश्यकता होगी तथा बी फार्मा/डी फार्मा डिग्री होल्डर एवं ड्रग्स सेल लाईसेंस का होना आवश्यक है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला बीजापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 4 विकासखंडों में पशु औषधि विक्रय केन्द्र का संचालन प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

### पहले बने कर्मचारी कैशलेश चिकित्सा कार्ड : संतोष

**गीदम।** शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने आज छग शासन द्वारा प्रस्तुत बजट में शासकीय सेवकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा और बजट प्रदान करने की घोषणा का प्रथम दृष्टया स्वागत किया है, इसके लिए मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु उसके नियम शर्तो के सार्वजनिक होने पर ही इस पर पूरी प्रतिक्रिया दी जा सकती है। प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश सिंह व कुलदीप सिंह चौहान ने पेंशन हेतु शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा की गणना न होने को निराशाजनक माना है। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ठ विद्यालय खोले जाने का स्वागत करते हैं पर अन्य शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ सुविधाओं व साधनों में पक्षपात न हो इसका भी ध्यान रखा जाना था। इसके पहले भी आत्मानंद स्कूल खोलकर अन्य शासकीय विद्यालय के बच्चे उपेक्षित रखे गए। अपेक्षा है इस बार ऐसा न हो। जर्जर स्कूलों के लिए नवीन विद्यालय भवन का निर्माण का निर्णय सराहनीय है परंतु सरकार को ये सुनिश्चित भी करना चाहिए कि पूर्व की तरह ये बजट भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। इसी तरह प्रदेश कर्मचारियों को उम्मीद थी केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ते की स्वीकृति व भुगतान की स्पष्ट नीति घोषित की जावेगी पर नही हुई।

### बजट बस्तर के उत्थान का रोडमैप

**जगदलपुर।** बजट 2026–27 का भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने कहा यह बस्तर से सरगुजा तक विकास के संकल्प का बजट हैं जिसमें इस बजट में बस्तर के लिए विशेष प्रावधान किया है जो कि, यह बजट बस्तर में विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। पारख ने जानकारी देते हुए कहा कि बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 1725 करोड़, जल जीवन मिशन 3000 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 2000 करोड़, समग्र शिक्षा अभियान 1500 करोड़, प्रधानमंत्री आवास शहरी 825 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा 820 करोड़, महिलाओं के नाम पर संपत्ति क्रय में पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट, छत्तीसगढ़ युवा दर्शन हेतु 5 करोड़, मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन हेतु 100 करोड़, प्रतियोगी परीक्षा के लिए 33 करोड़, कृषक उन्नति योजना हेतु 10,000 करोड़।

## 1.72 लाख करोड़ के बजट पर धमतरी में सियासी घमासान

### उद्योग, स्वास्थ्य, विकास पर भाजपा का भरोसा, कांग्रेस ने बताया निराशाजनक

# सुशासन का बजट या खोखले वादे ?

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में मंगलवार को बजट के बाद सियासी सरगर्मी तेज हो गई। राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किए जाने के साथ ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं। बजट में धमतरी जिले के लिए औद्योगिक पार्क, 200 बिस्तर वाले अस्पताल के निर्माण सहित 2-4 प्रमुख कार्यों को शामिल किया गया है, जिसे भारतीय जनता पार्टी सुशासन की दिशा में बड़ा कदम बता रही है। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह बजट समन्वयता के आधार पर तैयार किया गया है, जिसका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ प्रदेश के हर वर्ग तक पहुंचेगा। गरीब, किसान और मध्यमवर्ग के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, कृषि और सिंचाई जैसे क्षेत्रों को मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप इसमें दिखाई देता है। धमतरी जैसे जिलों में औद्योगिक और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भविष्य की विकासशील तस्वीर को दर्शाता है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने बजट को घोर निराशाजनक करार दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार के दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन जमीनी विकास के बजाय केवल सपने दिखाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर बजट ने जहां भाजपा को उपलब्धियों का मंच दिया है, वहीं कांग्रेस को सरकार पर हमले का नया हथियार थमा दिया।


रामू रोहरा


रंजना साहू


नेहरू निषाद


अरूण सार्वा


प्रकाश बैस


चेतन हिन्दूजा


कीर्तन मीनपाल


मोनिका देवांगन


कैलाश सोनकर


इंदर चोपड़ा


पिंकी शाह


श्रवण मरकाम


निखिलेश देवान


निरंजन सिन्हा


शुभम जायसवाल


तारिणी चन्द्राकर


ओंकार साहू


लक्ष्मी ध्रुव




राजा देवांगन


लेखराम साहू


भूषणलाल चन्द्राकर

### संकल्प बजट में धमतरी को मिली ऐतिहासिक सौगातः रामू

छग सरकार के संकल्प बजट में धमतरी विधानसभा क्षेत्र को ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिली है। महापौर रामू रोहरा के प्रयास, मजबूत पैरवी और राज्य सरकार के साथ प्रभावी समन्वय के परिणामस्वरूप वर्षों पुरानी मांगों को बजट में प्राथमिकता के साथ शामिल किया गया है। इससे धमतरी में सड़क, स्वास्थ्य, आवागमन और ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी। महापौर ने बताया कि धमतरी-पुरूर-गंगरेल मार्ग के निर्माण एवं उन्नयन के लिए 11 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह मार्ग पर्यटन और ग्रामीण संपर्क की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला चिकित्सालय धमतरी को 200 बिस्तरों के उन्नयन हेतु 38 करोड़ रुपये का प्रावधान है। अछोटा पुल निर्माण के लिए 6.40 करोड़, मड़वा पथरा–बड़पानी सड़क के लिए 4 करोड़, साकरा–पीपरछेड़ी पुल के लिए 3 करोड़ तथा पीजी कॉलेज से एनएच-30 तक सड़क निर्माण हेतु 7 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा कई ग्रामीण सड़कों और बायपास मार्गों के लिए भी करोड़ों रुपये का प्रावधान किया गया है। महापौर रामू रोहरा ने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से धमतरी जिले में आवागमन, व्यापार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलेगी।

### अब धमतरी भी दौड़ेगा विकास की पटरी पर : रंजना

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को नवीन विधानसभा से प्रदेश का आगामी वर्ष के लिए बजट पेश किया, जिसकी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने तारीफ करते हुए कहा कि अब प्रदेश सुशासन से समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ को भय, आतंकवाद, भ्रष्टाचार जैसे कुशासन से बाहर निकालकर विकासशील सुशासन का प्रदेश बनाया। यह बजट हमारी सरकार के समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को केंद्रित करते हुए हमारी सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। किसानों, गरीबों, युवाओं, मातृशक्ति और आदिवासी समाज के सशक्तिकरण को विष्णुदेव सरकार ने प्राथमिकता दी है। छाती में औद्योगिक केंद्र की स्थापना के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। जिला अस्पताल में मरीजों को सुविधा प्राप्त करने के लिए नवीन भवन का निर्माण, पुरूर से गंगरेल पहुंच मार्ग, धमतरी से नगरी पहुंच मार्ग जैसे अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी : नेहरू

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला है। इसमें कृषि, उद्योग और अधोसंरचना विकास के लिए किए गए प्रावधान आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम देंगे।

### इस बजट से गांवों में एक नई क्रांति आएगी, नया विकास होगा : अरूण

धमतरी। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में धमतरी जिले को मिली करोड़ों रुपये की सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा। बजट में धमतरी-नगरी मुख्य मार्ग के नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण सहित दहदहा-परसवानी, सिवनीकला, रावनगुड़ा, संकरी, खर्रा मार्ग (15.40 किमी) के चौड़ीकरण, सांकरा से राकांडीह/मगरलोड मार्ग निर्माण, नगरी पोस्ट ऑफिस से पेट्रोल पंप मार्ग (3.10 किमी) के चौड़ीकरण, कुकरेल-कुर्रीडीह-बासीखाई मार्ग (9.60 किमी), दुगली-गट्टासिल्ली मार्ग (8.80 किमी) तथा सांकरा-घटुला-बेलरगांव-जैतपुरी मार्ग (30 किमी) के टू-लेन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा केरेगांव से गट्टासिल्ली-बिरगुड़ी मार्ग (24.80 किमी) और राजनांदगांव-गुंडरदेही-धमतरी-नगरी-बोराई मार्ग के 20 किमी नवीनीकरण कार्य को भी मंजूरी मिली है। ग्राम सिहावा से बोराई मार्ग पर महानदी में उच्चस्तरीय पुल निर्माण भी बजट में शामिल है। श्री सार्वा ने कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। वीबी जी राम योजना अंतर्गत 4 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति से प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक-एक करोड़ रुपये के विकास कार्य मिलेंगे। इससे रोजगार, आजीविका और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में व्यापक विकास होगा तथा पूरे प्रदेश के गांवों में नई क्रांति आएगी।

### प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी : बैस

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता के विश्वास को और मजबूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं, जिससे प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। यह बजट गांव, गरीब और किसान को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### बजट से विकास के नए द्वार खुलेंगे : चेतन

धमतरी। प्रदेश सरकार के वित्त वर्ष 2026-27 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कहा कि यह बजट प्रदेश के सुशासन से समृद्धि मॉडल को मजबूत आधार प्रदान करेगा और विकास की गति को तेज करेगा। बजट में धमतरी जिले को विशेष सौगात देते हुए 200 बेड के जिला अस्पताल भवन निर्माण तथा गंगरेल से पुरुर रोड के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। इन दोनों कार्यों का बजट में शामिल होना धमतरी के लिए बड़ी उपलब्धि है। आगे कहा कि बजट से विकास के नए द्वार खुलेंगे और प्रदेश आत्मनिर्भरता, आर्थिक प्रगति और समृद्धि के नए दौर में प्रवेश करेगा। न सिर्फ प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा बल्कि आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने सीएम विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, पूर्व मंत्री विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक रंजना साहू काआभार व्यक्त किया।

### ग्रामीण विकास को गति देने वाला बजट : कीर्तन

धमतरी। छग शासन द्वारा विधानसभा में पेश किए गए वित्तीय वर्ष के आम बजट का जनपद पंचायत धमतरी के सदस्य कीर्तन मीनपाल ने पुरजोर स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक और विकासोन्मुखी बजट करार दिया है। श्री मीनपाल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाओं और समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

### हर वर्ग के सशक्तिकरण का सशक्त रोडमैप : मोनिका

प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा आज बजट प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत बजट पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि यह प्रदेश को सुशासन से समृद्धि की ओर ले जाने एवं समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा एवं श्रमिक वर्ग को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जो विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की दिशा में ठोस कदम है। इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश के अन्नदाताओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। महिला सशक्तिकरण हेतु स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहन, स्वरोजगार योजनाओं का विस्तार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। धमतरी-नगरी-बोराई सड़क के चौड़ीकरण हेतु 20 करोड़ रुपये तथा धमतरी-पुरुर-गंगरेल सड़क चौड़ीकरण के लिए 11 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

### विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव : कैलाश

पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो छत्तीसगढ़ कैलाश सोनकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का लगभग 1.72 लाख करोड़ का संकल्प बजट प्रदेश की जनता के विश्वास और विकास की आकांक्षाओं का सशक्त प्रतिबिंब है। यह बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के हर वर्ग किसान, युवा, महिला, मजदूर और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का ठोस संकल्प है।

### प्रदेश के संतुलित विकास का मार्ग प्रशस्त होगा : इंदर

पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने कहा कि यह बजट प्रदेश के संतुलित विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का समावेश किया है, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

### कमजोर वर्गों को विशेष लाभ मिलेगा : पिंकी शाह

पूर्व विधायक पिंकी शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं, युवाओं और किसानों के हितों को केंद्र में रखते हुए बजट प्रस्तुत किया है। इससे समाज के कमजोर वर्गों को विशेष लाभ मिलेगा और विकास की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

### बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान : श्रवण

पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि बजट में आदिवासी क्षेत्र के विकास, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को भी विकास का लाभ मिलेगा।

### युवाओं को मिलेगा अवसर : शुभम

शुभम जायसवाल प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आया है। रोजगार, कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधान युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

### छग पर कर्ज का बोझ बढ़ा रही सरकार : निखिलेश

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के नेता निखिलेश देवान ने राज्य बजट को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने बजट को छत्तीसगढ़ पर कर्ज का बोझ लादने वाला दस्तावेज बताया। श्री देवान ने कहा कि सरकार 1.72 लाख करोड़ रुपये के बजट का ढिंढोरा पीट रही है, जबकि इसमें 20,400 करोड़ रुपये का नया कर्ज शामिल है। इससे राज्य का हर नागरिक और आने वाली पीढ़ियां कर्ज में डूबेंगी। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य लगभग 2,000 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे में जा रहा है, जो वित्तीय कुप्रबंधन का प्रमाण है। श्री देवान ने आरोप लगाया कि धमतरी की पूरी तरह अनदेखी की गई है। गंगरेल विस्थापितों, डुबान क्षेत्र के बेरोजगारों, टेल एरिया किसानों और स्थानीय युवाओं के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्ज लेकर खर्च कर रही है, लेकिन उसका बोझ छत्तीसगढ़ की जनता को उठाना पड़ रहा है।

### किसानों की आय बढ़ेगी : निरंजन

एपेक्स बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए बजट में किए गए प्रावधान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और किसानों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ के लिए बदहाली वाला बजट : तारिणी

छत्तीसगढ़ के 2026-27 के संकल्प बजट पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बजट को प्रदेश के साथ धोखा और बदहाली वाला बजट करार दिया है, जिसमें राज्य के लिए कोई ठोस योजना नहीं है और केवल केंद्रीय निर्देशों पर केंद्रित है। आगे कहा कि मोदी की गारंटी वाले वादों जैसे 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर का कोई उल्लेख नहीं है। किसानों के लिए कोई नया प्रावधान नहीं है और यह बेरोजगारी और महंगाई को नियंत्रित करने के लिए किसी ठोस कार्ययोजना की कमी दर्शाता है। इसमें राज्य के विकास के लिए कोई नई दिशा नहीं दी गई है। साय सरकार के नेतृत्व में प्रदेश के ऊपर कर्ज बढ़ता जा रहा है। इस सरकार में धमतरी विकास के वादे एक जुमला के अलावा कुछ भी नहीं है।

### जन आकांक्षाओं की अनदेखी कर रहा भाजपा सरकार : ओंकार

छत्तीसगढ़ विधानसभा में विष्णुदेव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया। इस बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यह बजट पूरी तरह जनविरोधी, दिशाहीन और खोखली घोषणाओं का पुलिंदा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ष बड़े-बड़े दावे और आंकड़ों की बाजीगरी करती है, लेकिन जमीन पर न युवाओं को रोजगार मिलता है, न किसानों को उनकी फसल का न्यायपूर्ण लाभ, न व्यापारियों को सुरक्षा और न ही आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा की गारंटी। युवाओं के लिए कोई रोजगार गारंटी नहीं है। किसानों की आय की गारंटी नहीं है। व्यापार और उद्योग के लिए राहत नहीं है। छोटे दुकानदार, लघु उद्योग और स्थानीय व्यापारियों के लिए कर राहत या विशेष पैकेज का अभाव है। बजट में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधार की ठोस गारंटी नहीं दी गई। श्री साहू ने कहा कि यह बजट केवल कागजी वादों का दस्तावेज है।

### जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा बजट : लक्ष्मी ध्रुव

सिहावा विधानसभा की पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने छग सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे जनविरोधी, दिशाहीन और महज दिखावटी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में आम जनता, किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग के हितों की अनदेखी की गई है तथा जमीनी स्तर पर राहत देने वाले ठोस प्रावधानों का अभाव है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बड़े-बड़े दावे और घोषणाएं तो की हैं, किंतु वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए कोई स्पष्ट एवं प्रभावी कार्ययोजना सामने नहीं आई है। रोजगार के नाम पर केवल आंकड़ों की प्रस्तुति की गई है, जबकि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु प्रभावी बजटीय प्रावधानों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। पूर्व विधायक ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि बजट में इन समस्याओं के समाधान के लिए कोई विशेष या क्षेत्रीय प्रावधान नहीं किया गया है।

### बजट में युवाओं को मिली निराशा : राजा

धमतरी। प्रस्तुत राज्य बजट पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने इसे प्रदेश के युवाओं, छात्रों एवं बेरोजगारों के लिए पूर्णतः दिशाहीन और निराशाजनक बताया है। श्री देवांगन ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए किसी भी नई योजना की घोषणा नहीं की गई है। प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा नई भर्ती की आस लगाए बैठे थे, किंतु नए पदों पर भर्ती, शिक्षक भर्ती तथा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती को लेकर सरकार ने कोई स्पष्ट रोडमैप पेश नहीं किया। यह युवाओं के साथ सीधा अन्याय और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### बजट जमीनी सच्चाई से कोसों दूर : लेखराम

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लेखराम साहू ने कहा कि यह बजट किसान, युवा, गरीब, महिलाएं और छात्राएं सभी वर्गों को निराश करने वाला है। यह बजट नहीं, बल्कि खोखले वादों का पुलिंदा है, जो जमीनी सच्चाई से कोसों दूर है। श्री साहू ने कहा कि प्रदेश का किसान कर्ज, बढ़ती लागत और घटती आय से जूझ रहा है, लेकिन बजट में कृषि राहत और समर्थन के ठोस उपाय नदारद हैं। युवाओं के लिए स्थायी रोजगार और कौशल विकास को लेकर कोई प्रभावी रोडमैप नहीं दिखता, जबकि गरीब वर्ग महंगाई और बुनियादी जरूरतों से त्रस्त है।

### कैशलेस सुविधा से आपात स्थिति में होगा तत्काल इलाज : भूषणलाल

छत्तीसगढ़ बजट 2026 में कर्मचारियों के लिए घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोशिएसन के जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकर ने राहत भरा कदम बताया एवं इस प्रावधान का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि अब कर्मचारियों और उनके परिजनों को इलाज के बाद बिल जमा करने भुगतान की प्रक्रिया और इलाज के लिए नगद धनराशि की व्यवस्था के लिए भटकना नहीं पड़ेगा । कैशलेस सुविधा से आपात स्थिति में तत्काल इलाज की सुविधा होगी जिससे कर्मचारियों में आर्थिक व मानसिक तनाव मे कमी आएगी।

### युवा वर्ग को नई ऊर्जा मिलेगी : शशि पवार

पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि यह बजट युवा शक्ति को आगे बढ़ाने वाला है। सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार और स्वावलंबन के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिससे युवा वर्ग को नई ऊर्जा मिलेगी।







## आस्था नगर बांसपारा में नाली व सड़क निर्माण की मांग उठी

**धमतरी।** आस्था नगर के रहवासियों ने पार्षद नम्रता माला पवार के साथ नगर निगम महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर वार्ड की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। वार्डवासियों ने बताया कि आस्था नगर में कई स्थानों पर नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है तथा स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित होती है। कुछ सड़कों की हालत जर्जर होने के कारण नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महापौर ने वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश देने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्राथमिकता के आधार पर नाली एवं सड़क निर्माण कार्य को शामिल कर जल्द ही कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा।



### समाजसेवा का भाव लेकर निकले युवा

**नगरी।** एक ओर जहां आज के दौर में कुछ युवा भटकाव की ओर बढ़ते दिखाई देते हैं, वहीं दूसरी ओर नगरी ब्लॉक के युवाओं ने समाज सेवा का संकल्प लेकर एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन युवाओं ने सुविधाओं से वंचित एवं अत्यंत गरीब परिवारों की सहायता के उद्देश्य से वंदेमातरम समूह का गठन किया है। समूह के 10 युवा सदस्य सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जरूरतमंद परिवारों के घर-घर पहुंचकर सेवा कार्य कर रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

